आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 28.08.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में आयुष सेवाओं और आयुष शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने कई अहम फैसले लिए।
- सचिव शहरी विकास ने कुंभ मेले से जुड़े विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।
- विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशी पहल प्रधानमंत्री जन–धन योजना के आज 12 वर्ष पूरे।
- देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

आयुष सेवा

प्रदेश में आयुष सेवाओं और आयुष शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री मदन कौशिक ने विधानसभा स्थित कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में चिकित्सा अधिकारियों के एसीपी, डीएसीपी, स्थायीकरण, नए पदों के सृजन और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 और 2015 में नियुक्त या विनियमित चिकित्सा अधिकारियों में जो एसीपी के लिए पात्र हैं, उन्हें एक माह के भीतर इसका लाभ दिया जाए। जिन अधिकारियों के दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, उनसे आवश्यक अभिलेख प्राप्त करने के लिए पत्राचार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कुंभ

हरिद्वार में आयोजित होने वाले आगामी कुंभ मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में शहरी विकास सचिव नितेश कुमार झा ने उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड–यूपीडीसीसी की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और कुंभ क्षेत्र में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस बीच उन्होनें कुंभ मेला से जुड़े निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के साथ ही कुंभ क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से संचालित परियोजनाओं को भी मेला शुरू होने से पहले पूरा कराने पर विशेष जोर दिया।
सीसीआर सभागार में आयोजित बैठक में श्री झा ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में देरी और लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जवाबदेही तय करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण

हरिद्वार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की पात्रता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी है। विकासखंड स्तर पर चल रही जांच के दौरान अब तक 419 अपात्र लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं, जिनके नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

18 अगस्त तक आपत्तियां और शिकायतें दर्ज कराने की समय सीमा के दौरान जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से कुल 2 हजार 2 सौ 82 आपत्तियां प्राप्त हुईं। इनमें से 943 आपत्तियों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि 1,340 आपत्तियों की जांच अभी जारी है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में कोई अपात्र व्यक्ति योजना की सूची में शामिल नहीं रहेगा। आवास स्वीकृत होने से पहले ही अपात्र पाए जाने वाले लाभार्थियों का नाम सूची से हटा दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री जन धन योजना

प्रधानमंत्री जन धन योजना के 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक प्रमुख पड़ाव है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में आज ही के दिन की थी। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अंतर्गत हरिद्वार जिले में 36 स्थानों पर लगाए गए राखी स्टॉल से बहनों ने 7 लाख 15 हजार रुपये अर्जित किए। जिला परियोजना प्रबंधक (रीप) संजय सक्सेना ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) रीप के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा राखी बिक्री स्टॉल लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि स्टॉल 21 से 30 अगस्त तक संचालित किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्टॉल पर प्रतिदिन औसतन लगभग 4,000 रुपये की बिक्री हो रही है। यह अभियान महिला सशक्तिकरण और "वोकल फॉर लोकल" की भावना को मजबूत करने और प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, जिससे वे "लखपति दीदी" बनने की ओर निरंतर अग्रसर हैं।

रक्षाबंधन

देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख–समृद्धि और दीर्घायु की कामना कर रही हैं। भाई भी बहनों की रक्षा और सहयोग का संकल्प लेते हैं।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में रक्षाबंधन को भाई–बहन के पवित्र रिश्ते, स्नेह और विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व परिवार के साथ–साथ समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के प्रेम, विश्वास, स्नेह और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व नारी सम्मान और सामाजिक सद्भाव की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

इस बीच, रक्षाबंधन के अवसर पर आज और कल प्रदेश की महिलाओं को उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।

विशेष गहन पुनरीक्षण

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत मतदाता सूची के सत्यापन और सुनवाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में अल्मोड़ा जिले में 98 हजार 5 सौ 29 नोटिस वितरित किए गए जबकि 97 हजार 6 सौ 83 मामलों में सुनवाई पूरी की गई।

ये जानकारी अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके बूथ लेवल एजेंट–1 के साथ बैठक में दी। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नोटिसों के वितरण, सुनवाई की प्रगति तथा इसके लिए की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 71 हजार 938 है।